आयुर्वेदिक टॉनिक और टेबलेट्स
कठिन समस्याओं में अति सहायक है।
Tirtech
आयुर्वेदिक औषधीय टॉनिक
कठिन दर्द
विड़विड़ापन
वेकाम
कमजोरी
कमर कटना
इम्यूनिटी
24x7 Helpline: 77106 44444
Available at all medical & general stores

व्यावसायिक गतिविधि

स्टडी अड्डा पर 40 से अधिक कोर्स 999 रुपये में, आफर आज के लिए

Study Adda
www.studyadda.com
Studyadda The Study App

नई दिल्ली। वेब पोर्टल स्टडी अड्डा डॉट कॉम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड गूगल एंड्रॉइड ऐप स्टडी अड्डा-द स्टडी ऐप पर 40 से अधिक कोर्स मात्र 999 रुपये में दिए जा रहे हैं। इनकी वैलिडिटी करीब ढाई साल 31 मार्च-2023 तक होगी। यह आफर प्राइज केवल आज (19 फरवरी-2021)के लिए ही है। इन कोर्सेज में सीबीएसई, आईसीएसई, स्टेट बोर्ड स्कूलिंग, सीडीएस, एनडीए, क्लैट जैसी कई प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 20 हजार से अधिक वीडियो लेक्चर्स तथा 50 हजार से अधिक स्टडी पैकेज, आनलाइन टेस्ट सीरीज आदि मिलेंगी। किसी भी कोर्स को ज्वाइन करने के लिए गूगल एंड्रायड प्ले स्टोर से स्टडी अड्डा ऐप को डाउनलोड करना होगा। जेईई और नीट में तकरीबन सभी प्रश्न सरदाना सर के पढ़ाई कांसेप्ट से ही आते हैं।

अरूप सिन्हा ने इंडियन आयल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। अरुप सिन्हा ने इंडियन आयल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर (रीजनल सर्विसेज), नार्दर्न रीजन का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके अलावा श्री सिन्हा इंडियन आयल के गैस और आयल इंडस्ट्री के रीजनल लेवल कोआर्डिनेटर भी होंगे। नार्दन रीजन में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, यूटी, जेएंडके, लद्दाख और चंडीगढ़ के क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने लखनऊ यूनिवर्सिटी से मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट किया है। इसके अलावा उन्हें पेट्रोलियम सेक्टर में तीन दशक काम करने का अनुभव है।

कुरंजा पक्षी के सरंक्षण के लिए एंबुलेंस भेंट की

नई दिल्ली। पावरग्रिड की ओर से पर्यावरण एवं जीव संरक्षण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत पावरग्रिड उत्तरी क्षेत्र-1 की ओर से खींचन में एनके शर्मा मुख्य महाप्रबंधक की ओर से मुख्य अतिथि ग्रीन आस्कर पुरस्कार विजेता पर्यावरणविद माइक पांडेय, जिला कलेक्टर फलौदी, जैसलमेर हाकम खान, एसडीएम यशपाल आदि मौजूदगी में प्रवासी पक्षी कुरंजा के संरक्षण के लिए एंबुलेंस भेट की गई। इस मौके पर समाजसेवी प्रेम सिंह राजपुरोहित, पक्षी प्रेमी सेवाराम माली, पावरग्रिड के सत्यनाराण माली सहित कई लोग मौजूद थ। राजस्थान सरकार द्वारा पक्षी के संरक्षण के लिए फलौदी में रेस्क्यू सेंटर बनाया गया है।

पेटीएम मनी ने 10 रुपये में फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग शुरू की

नई दिल्ली। भारतीय डिजिटल सेवा प्लेटफार्म पेटीएम ने घोषणा की कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पेटीएम मनी ने सभी के लिए फ्यूचर एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) ट्रेडिंग को खोल दिया है। कंपनी का मकसद एफएंडओ ट्रेडिंग सेवा का लाभ देकर लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कंपनी ने कहा कि उसने एफ एंडओ के लिए यूजर्स को 10 रुपये की बेहद कम प्रतिस्पर्धी दर के ब्रोकरेज शुल्क की पेशकश की है। कम शुल्क की वजह से पहली बार ट्रेडिंग करने वाले निवेशकों को फायदा होगा वह अपने मोबाइल से सुरक्षित तरीके से एफएंडओ ट्रेडिंग कर पाएंगे। पेटीएम मनी के सीईओ वरुण श्रीधर ने कहा कि हमें खुशी है जनवरी में इसके लांच के बाद शुरुआत हफ्तों एक लाख से अधिक अर्ली एक्सेस रिक्वेस्ट प्राप्त हुई हैं।

गलगोटियाज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सेमिनार

ग्रेटर नोएडा। गलगोटियाज यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने के लिए 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020- ए गेटवे टू एकेडमिक एक्सीलेंस' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश निशंक पोखरियाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की वकालत की। आयोजन में डॉ. डीपी सिंह, अध्यक्ष यूजीसी, डॉ. अनिल सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, डॉ. केके अग्रवाल राष्ट्रीय बोर्ड प्रत्यायन आदि विशिष्ट लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि की कुलपति डॉ. प्रीति बजाज ने की। कुलाधिपति सुनील गलगोटिया कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक थे। ध्रुव गलगोटिया सीईओ और अराधना गलगोटिया निदेशक संचालन के सह सरंक्षक थे। पद्मश्री डॉ. अशोक झुनझुनवाला, रघनाथ शेवगांवकर पूर्व निदेशक आईआईटी दिल्ली ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया को भेजी रिपोर्ट

दादरी की पैथ लैब में बिना अनुमति कोरोना वैक्सीन लगाने का मामला

अमर उजाला ब्यूरो

02 परिवारों के 19 लोगों ने लगवाया था टीका, कई फरार

ट्रायल के दौरान वैक्सीन लगवाने वाले सभी लोगों के मोबाइल फोन हैं बंद

नोएडा/ग्रेटर नोएडा/दादरी। दादरी की गोपाल पैथ लैब में बिना अनुमति कोरोना वैक्सीन के क्लीनिकल ट्रायल मामले में ड्रग इंस्पेक्टर वैभव बब्बर ने केंद्र व राज्य सरकार समेत ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया को रिपोर्ट भेज दी है। इसमें स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। कोरोना वैक्सीन दादरी तक कैसे पहुंची इसकी जांच की जा रही है। वहीं, जिन पर क्लीनिकल ट्रायल हुआ है, उनमें से अधिकांश लोग कार्रवाई के डर से फरार हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सेहत की चिंता करते हुए उनसे सामने आकर जांच कराने की अपील की है।

मामले में आरोपी पैथ लैब संचालक विकास वशिष्ठ की तलाश की जा रही है। अभी तक की जांच में पता चला हे कि न तो लैब का करार था, न ही कोल्ड चेन की व्यवस्था थी। यहां टीका लगाने के नाम पर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा था। सीएमओ दीपक ओहरी ने बताया कि सख्ती से जांच चल रही है। जिन 19 लोगों को टीका लगा, वह दो परिवार के लोग हैं। टीका लगवाने वाले लोग लैब संचालक के करीबी हैं। सभी को सूचना दी गई है।

15 पुरुष व 4 महिलाओं ने लगवाई थी वैक्सीन

दादरी के अभिषेक मैत्रेय, संजीव कुमार, आरती शर्मा, नितिन, जय प्रकाश, सुनील कुमार, वैदिका गर्ग, अमीशा, राजू, पूजा शर्मा, हेमंत शर्मा, सुरेश चंद, रविंद्र कुमार, आदर्श कुमार, रोहित शर्मा आदि को वैक्सीन लगाई गई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डाक्टर संजीव सारस्वत का कहना है कि वैक्सीन लगने वाले एक व्यक्ति को रात में बुखार आने की सूचना मिली। उसे तलाश कर पता लगाया जा रहा है।

नारी रक्षा दल का संस्थापक सोनू तलब

जेपी शर्मा

लैब पर लगा नारी रक्षा दल का बैनर।

ग्रेटर नोएडा। बिना अनुमति कोरोना वैक्सीन के क्लीनिकल ट्रायल में नामजद किए गए संगठन नारी रक्षा दल के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष गाजियाबाद निवासी सोनू तोमर भारतीय को पुलिस ने पक्ष रखने व जांच के लिए तलब किया है।

दवा कंपनी और गाजियाबाद के फ्लोरिस अस्पताल के प्रतिनिधियों ने लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने के लिए संगठन को आधार बनाया था। वहीं, गोपाल पैथोलॉजी लैब से भी संगठन के पदाधिकारी ने ही संपर्क किया था। सोनू का कहना है कि दवा कंपनी और अस्पताल के प्रतिनिधि ने कहा था कि वैक्सीन का लोगों में डर में है। अभी वैक्सीन आम जन तक नहीं पहुंच पा रही है। इन दोनों काम में मदद के नाम पर उनके संगठन से मदद मांगी थी। पुलिस के अनुसार, गोपाल पैथ लैब पर वैक्सीन ट्रायल के दौरान एक बैनर लगा था। इस पर लिखा गया था 'नारी रक्षा दल' के सौजन्य से गोपाल पैथ लैब द्वारा फ्री कोरोना वैक्सीन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी कारण संगठन को भी नामजद किया गया है। जांच अधिकारी ने सोनू तोमर को कोतवाली बुलाया। सोनू ने बताया कि पुलिस ने उनसे संपर्क किया था, लेकिन वह एक मामले में मुजफ्फरनगर में होने से दादरी कोतवाली नहीं पहुंच पाए।

एनजीटी के डर से खनिज सामग्री दिल्ली में नहीं होगी डंप

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने दिल्ली में चल रहे विकास कार्यों के चलते खनन से जुड़े आपूर्तिकर्ताओं को बड़ी राहत दी है। ऐसे आपूर्तिकर्ता जिनके पास वैध वर्क आर्डर हैं, उनको हरियाणा में खनिज सामग्री लाने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। इससे अब उन्हें एनजीटी के डर से अपनी खनिज सामग्री को दिल्ली में ही डंप करने पर मजबूर नहीं होना पड़ेगा।

हरियाणा के खान एवं भू-विज्ञान मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में विकास कार्यों के दौरान निकाले गए खनिज को अब वैध तरीके से हरियाणा में स्थित प्रोसेसिंग यूनिटों तक लाया जा सकेगा। इसके लिए सरकार ने बाकायदा एक पॉलिसी बनाकर ई-पोर्टल जारी किया है। ब्यूरो

बिटकॉइन के नाम पर एक और व्यक्ति से लाखों ठगे

थाईलैंड घुमाकर मोटे मुनाफे के बताए कई प्लान, लौटने पर पीड़ित से हड़प ली रकम

गाजियाबाद। वर्चुअल करेंसी के कारोबार में मोटे मुनाफे का झांसा देकर ठगी का सिलसिला जारी है। महिंद्रा एंक्लेव निवासी सुरेंद्र सिंह ने बिटकॉइन के नाम पर 20 लाख 44 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए कविनगर थाने में केस दर्ज कराया है। एसएसपी के आदेश पर दर्ज हुए केस में पुलिस ने कंकड़खेड़ा, मेरठ निवासी सरगना नवनीत सांगवान, उसकी पत्नी व मां समेत चार को नामजद किया है। पुलिस नवनीत व उसकी पत्नी को जेल भेज चुकी है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। कविनगर थानाक्षेत्र के महिंद्रा एंक्लेव निवासी सुरेंद्र सिंह का कहना है कि गांव अटौर नंगला निवासी उनके रिश्तेदार सतवीर सिंह के जरिये उनकी मुलाकात जनवरी 2019 में सैनिक विहार कंकड़खेड़ा, मेरठ निवासी नवनीत सांगवान व उसकी पत्नी पूजा से हुई थी। नवनीत ने बताया कि महेशनगर, जयपुर निवासी शुभम नावरिया के साथ वह वर्चुअल करेंसी (बिटकॉइन) का कारोबार करता है। वह लोगों से पैसे निवेश कराकर उन्हें मोटा मुनाफा देता है। ब्यूरो

नशे में पत्नी की गोली मारकर हत्या आरोपी फरार

साहिबाबाद। टीलामोड़ थाना क्षेत्र के जावली गांव में बुधवार रात को शराब के नशे में पति ने पत्नी को गोली मार दी। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मृतका के परिजन घर पहुंचे। सुबह पांच बजे पुलिस को मामले की सूचना मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

टीलामोड़ थाना क्षेत्र के जावली गांव में आशीष पत्नी रीता (26) के साथ रहते हैं। उनका गांव में ही पानी का प्लांट है। फरवरी 2014 में उनकी शादी हुई थी। उनकी पांच साल की बेटी और तीन साल का बेटा है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब साढ़े बारह बजे आशीष और रीता छत पर थे। परिवार के सभी लोग नीचे थे। बताया गया कि शराब के नशे में आशीष ने रीता पर गोली चला दी। गोली लगने से रीता की मौत हो गई। सुबह पांच बजे कंट्रोल रूम को मामले की सूचना मिली। सूचना पाकर पीआरपी और टीलामोड़ पुलिस मौके पर पहुंचे। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी पति भाग गया। ब्यूरो

फरीदाबाद : कार ने 2 छात्रों को कुचला, एक की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

लक्की कटारिया

दोनों स्कूटी पर सवार थे, चालक स्कूटी को 10 मीटर तक घसीटता ले गया

फरीदाबाद। एनआइटी-4 स्थित केंद्रीय विद्यालय से बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे स्कूटी पर घर जा रहे दो छात्रों को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। कार चालक स्कूटी को करीब 10 मीटर तक घसीटते ले गया। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

इसके साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से कार चालक की पहचान की कोशिश कर रही है। शव बीके अस्पताल में ही रखा है, जिसे पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। एएसआई देवेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय नंबर 3 में कक्षा 10 का छात्र एसजीएम नगर निवासी लक्की कटारिया (16) अपने सहपाठी इंद्रा कॉलोनी निवासी सक्षम (15) के साथ छुट्टी के बाद स्कूटी से घर जा रहा था। स्कूट लक्की चला रहा था। एनआईटी-4 स्थित जीएसटी भवन के सामने तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी और उसे घसीटते हुए ले गया। दोनों उछलकर सड़क पर गिरे और गंभीर घायल हो गए। आसपास के लोगों की सूचना एसजीएम नगर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को बीके अस्पताल में भर्ती कराया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने लक्की कटारिया को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर घायल सक्षम को निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर लक्की के परिजन अस्पताल पहुंचे। हालांकि अभी शव उन्हें सुपुर्द नहीं किया गया है।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे : पीएम 24 को देखेंगे प्रजेंटेशन

डासना से मेरठ तक 32 किमी का कार्य अंतिम चरण में

मेरठ/ परतापुर। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के चौथे चरण डासना से मेरठ तक 32 किमी का कार्य अंतिम चरणों में है। 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक्सप्रेस-वे की समीक्षा करेंगे। अभी तक के कार्य का प्रजेंटेशन एनएचएआई की तरफ से प्रधानमंत्री को दिखाया जाएगा। वहीं एक्सप्रेस-वे के दूसरे चरण यूपी गेट से डासना के बीच लालकुआं पर रेलवे ब्रिज का काफी कार्य बचा हुआ है।

एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक इसे जून-2021 तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं चौथे चरण को मार्च-2021 तक शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।

बृहस्पतिवार को परतापुर इंटरचेंज से आगे अच्छरौंडा में बने टोल प्लाजा पर मशीन लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। डिवाइडर के बीच में लगे पोल पर सीसीटीवी लगाने, खुशबूदार पेड़ों के साथ ही टरफिंग घास लगाने का कार्य किया जा रहा है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर राकेश कुमार व जीआर इंफ्रा के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज बैरवा ने कार्य का जायजा लिया। इस ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के चौथे चरण में स्ट्रीट लाइटों को जलाने के लिए सोलर पैनल लगाए गए है। टोल प्लाजा पर 19 लेन बनाई गई हैं। सभी लेन पर टोल लेन कंट्रोलर, फास्टैग सेंसर लगाए गए हैं। इसके अलावा परतापुर तिराहे से ओवरब्रिज तक सर्विस रोड बंद कर फाइनल टच देने का कार्य शुरू कर दिया गया। ब्यूरो

We are taking all necessary COVID 19 Precautionary Measures
SHIRT
TROUSER & JEANS
SALE
upto 60% off

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान
सेक्टर – 26, चण्डीगढ़ 160019
(भारत सरकार द्वारा स्थापित, मानव संसाधन विकास मंत्रालय)
http:// www.nitttrchd.ac.in ई–मेल: dirnitttrchd@yahoo.com

निविदा सूचना

एनआईटीटीटीआर, सेक्टर 26, चण्डीगढ़ के **चंद्रशेखर** हॉल (गर्ल्ज होस्टल) में एक पैसंजर एलिवेटर/लिफ्ट की स्थापना **(installation)** एवं परीक्षण **(testing)**, आपूर्ति **(supplying)**, निर्माण **(erection)**, कमीशनिंग **(commissioning)** हेतु ई–टेंडर आंमत्रित किए जाते हैं। टेंडर दस्तावेज का विस्तृत विवरण एवं अन्य शर्तें **https://etenders.chd.nic.in.** एवं संस्थान की वैबसाईट **http://nitttrchd.ac.in** पर उपलब्ध है। ई–टेंडरस को अपलोढ़ करने की अन्तिम तिथि **17.03.2021** को सायं 5.00 बजे तक है।

निदेशक

भारतीय पैकेजिंग संस्थान
Indian Institute of Packaging
An autonomous body under the Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India

प्रवेश प्रारम्भ

पैकेजिंग में प्रमाणपत्र

26वाँ दल (2021-2022) पत्राचार द्वारा

• एशियन पैकेजिंग फैडरेशन द्वारा मान्यता प्राप्त • पाठ्यक्रम की अवधि: 18 माह

योग्यता: यू.जी.सी. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान, अभियान्त्रिकी, प्रौद्योगिकी, वाणिज्य अथवा कला में स्नातक/मान्यता प्राप्त तकनीकी बोर्ड द्वारा प्रदत्त अभियान्त्रिकी/प्रौद्योगिकी में प्रमाणपत्र धारक इस पाठ्यक्रम के लिए पात्र हैं। उम्मीदवार को परिचालन क्षेत्र जैसे कि विनिर्माण, क्रय, विपणन, गुणवत्ता नियंत्रण आदि क्षेत्र में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। आवेदन पत्र और विवरणिका भारतीय पैकेजिंग संस्थान, मुम्बई से 250/- रुपये के भुगतान पर या मुम्बई में देय भारतीय पैकेजिंग संस्थान के नाम से मॉंगड्रॉफ्ट प्रदान करने पर प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदनपत्र को स्वीकार करने की अंतिम तिथि : 28 फरवरी 2021

*किस्त विकल्प

पहली किस्त - प्रवेश लेने के समय रु. 25,000/-
दूसरी किस्त - तारीख 30/06/2021 से पहले रु. 25000/-
तीसरी किस्त - तारीख 30/09/2021 से पहले रु. 20000/-

किश्तों का भुगतान करते समय कृपया 18% जी.एस.टी.जोड़ें.

पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड

रजि. कार्या. वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड़ बाराखम्भा लेन, नई दिल्ली-110001
फोन : 011-23411411, फैक्स : 011- 23472550, सीआईएन : L74899DL1998PLC093073
ईमेल : investors@petronetlng.com, कंपनी की वेबसाईट : www.petronetlng.com

नवीं असाधारण आम बैठक की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की नवीं असाधारण बैठक (''9वीं ईजीएम'') **सोमवार, 15 मार्च 2021 को अप. 2.00 बजे** वीडियो कॉन्फ्रेंस (''वीसी'')/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (''ओएवीएम'') के जरिये सामान्य लेन-देन व स्पैशल बिजनैस, जो कि 9वीं ईजीएम की सूचना में निर्धारित किया गया है, कंपनी एक्ट, 2013 के लागू प्रावधानों तथा इसके अंतर्गत बनाए गये नियमों की अनुपालना में तथा कॉरपोरेट मामले मंत्रालय (''एमसीए'') के द्वारा जारी जनरल सुर्कलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020, जनरल सर्कुलर नं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, तथा अन्य लागू सर्कुलरों, यदि कोई है, के साथ पठित सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स तथा डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) विनियमों, 2015 (''सेबी'') तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (''सेबी सर्कुलर'') (इक्ट्ठे संदर्भित बतौर ''संबंधित सर्कुलर'') द्वारा जारी सर्कुलर नं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1//सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 के तहत इसे कॉमन स्थान पर सदस्यों की शारीरिक उपस्थिति के बगैर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आयोजित किया जाऐगा। सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम के जरिये ईजीएम में भाग ले सकते हैं अथवा वे www.evotingindia.com. पर लाईव वेबकास्ट देख सकते हैं। वीसी/ओएवीएम सुविधा के द्वारा भाग लेने वाले सदस्य कंपनी एक्ट, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य हेतु माना जाएगा।

एमसीए के सर्कुलरों तथा सेबी सर्कुलर के अनुसार 9वीं ईजीएम में बातचीत के लिए सामान्य और विशेष बिजनैस की सूचना तथा इसके साथ संलग्न कंपनी एक्ट, 2013 की धारा 102 की अनुपालना में वक्तव्य उन सभी सदस्यों को ईमेल के द्वारा भेजे गए हैं, जिनके ईमेल पते कंपनी/संबंधित/डिपॉजिटरी भागीदारों/कंपनी के रजिस्ट्रार तथा शेयर ट्रांसफर एजेंटों के पास पंजीकृत हैं तथा ईमेल प्रक्रिया 18 फरवरी, 2021 को पूरी की जा चुकी है। सदस्यों को 9वीं ईजीएम की सूचना की फिजिकल कॉपी को भेजने की आवश्यकता ऊपर संबंधित सर्कुलरों द्वारा विभाजित की गई है। पूर्वोक्त सूचना कंपनी की वेबसाईट www.petronetlng.com तथा स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाईट www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाईट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

9वीं ईजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग तथा ई-वोटिंग के लिए दिशा-निर्देश :-

संशोधितानुसार कंपनियां (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित कंपनीज एक्ट, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों तथा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एण्ड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) के विनियम 44 की अनुपालना में पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (''द कंपनी'') 9वीं ईजीएम में रिमोट ई-वोटिंग तथा इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग के जरिये वीडियो कॉन्फ्रेंस (''वीसी'')/अन्य ऑडियो विजुअल (''ओएवीएम'') के द्वारा **सोमवार, 15 मार्च, 2021 को अप. 2.00 बजे** को आयोजित की जाने वाली कंपनी की 9वीं ईजीएम में विचार किये जाने के लिए प्रस्तावित प्रस्तावों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सेण्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसिज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के द्वारा सहर्ष सदस्यों को सुविधाएं उपलब्ध करवाती हैं। संबंधित नियमों तथा अन्य संवैधानिक प्रावधानों के साथ कंपनीज एक्ट 2013 के प्रावधानों की अनुपालना में आवश्यकतानुसार ब्यौरा यहां नीचे दिया गया है : -

(i) इस बैठक में बातचीत रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम के जरिये की जा सकती है और कंपनी इसके लिए इलैक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग हेतु सुविधा उपलब्ध करवा रही है।	हां
(ii) सूचनाएं भेजने के सामापन की तिथि	18 फरवरी, 2021
(iii) रिमोट ई-वोटिंग की शुरूआती तिथि व समय	वीरवार, 11 मार्च, 2021 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी)
(iv) रिमोट ई-वोटिंग की अंतिम तिथि व समय	रविवार, 14 मार्च, 2021 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी)
(v) इलैक्ट्रॉनिक माध्यमों के द्वारा वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाऐगी	रविवार, 14 मार्च, 2021 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी)
(vi) कंपनी तथा सेण्ट्रल डिपॉजटरी सर्विसिज (इंडिया) लिमिटेड का वेबसाईट पता, जहां 9वीं ईजीएम की सूचना प्रदर्शित की गई है	www.petronetlng.com www.evotingindia.com कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर
(vii) रिमोट ई-वोटिंग से संबंधी शिकायतों के लिए निवारण के लिए जम्मेवार व्यक्तियों की संपर्क जानकारी	श्री राजेश मिश्रा Rajeshm@bigshareonline.com बिगशेयर सर्विसिज प्राईवेट लिमिटेड प्रथम तल, भारत टिन वर्क्स बिल्डिंग, वसंत ओएसिस के सामने। मकवाना रोड़, मरोल अंधेरी (ईस्ट) मुम्बई 400059 दूरभाष संख्या : 022-62638206 श्री नितिन कुन्दर helpdesk.evoting@cdslindia.com सेण्ट्रल डिपॉजटरी सर्विसिज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथॅन फ्यूचरेक्स माफतलाल मिल कंपाऊंड्स एनएम जोशी मार्ग, लोअर पारेल (ईस्ट) मुम्बई-400013 दूरभाषा संख्या : 022-23058738

(ए) जिन सदस्यों ने 9वें ईजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट दिया है, वे भी 9वें ईजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, परन्तु वे अपना वोट दोबारा डालने के दावेदार नहीं होंगे।

(बी) उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसार रिमोट ई-वोटिंग की अवधि के दौरान, कम्पनी के शेयरधारक सदस्य या तो भौतिक रूप से या डीमटीरियलाईज्ड (डीमैट) तरीके से जिनका विवरण **कट ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 8 मार्च, 2021** तक प्राप्त है, रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट दे सकते हैं। रिमोट-ई वोटिंग की अनुमति उक्त तिथि व समय के बाद नहीं होगी तथा इसके बाद ये सुविधा बन्द कर दी जाएगी। सदस्य द्वारा रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से एक बार वोट डालने के बाद सदस्य को इसे बाद में बदलने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी।

(सी) सदस्यों के वोट डालने का अधिकार कट ऑफ तिथि अर्थात **सोमवार, 8 मार्च, 2021** तक कम्पनी के पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल में उनके शेयर्स के अनुपात में होगा।

(डी) कोई व्यक्ति, जो कम्पनी के शेयर्स अधिग्रहण करता है तथा 9वें ईजीएम की सूचना के भेजने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है या जिसकी ई-मेल आईडी कम्पनी/आरटीए/ संबंधित डीपी के साथ पंजीकृत नहीं है तथा वह कट ऑफ तिथि अर्थात सोमवार **8 मार्च, 2021 तक** शेयर धारक है, वह helpdesk.evoting@cdslindia.com या agmparticipant@bigshareonline.com (आरटीए) पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी व पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

(ई) इलैक्ट्रॉनिकली वोटिंग की सुविधा, मीटिंग में उन उपस्थित सदस्यों के लिये 9वें ईजीएम में उपलब्ध होगी, जो रिमोट-ई-वोटिंग द्वारा पहले अपना वोट नहीं दे चुके होंगे।

(एफ) कोई व्यक्ति, जिसका नाम कट ऑफ तिथि तक डिपोजिटरीज द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में या सदस्यों के रजिस्टर में रिकार्ड किया गया होगा, केवल उसे ही रिमोट ई-वोटिंग तथा 9वें ईजीएम में इलैक्ट्रानीकली वोटिंगग की सुविधा दी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति कट ऑफ तिथि तक सदस्य नहीं है उसे यह सूचना केवल जानकारी हेतु समझनी चाहिये।

(जी) मैसर्ज अगरवाल एस एंड एसोसिएट्स (एम. सं.-5774, सीपी सं.-5910) के श्री सचिन अगरवाल, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सेकरेटरी, को सही एवं पारदर्शी तरीके में वोटिंग एवं रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया संवीक्षा के लिये कम्पनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा संवीक्षक के तौर पर नियुक्त किया गया है।

(एच) अध्यक्ष, 9वें ईजीएम में रेजोल्यूशंस, जिस पर वोटिंग आयोजित की जानी है, पर चर्चा की समाप्ति पर, संवीक्षक की सहायता से इलैक्ट्रानिक मोड द्वारा वोट की अनुमति, उन सभी सदस्यों को देंगे जो वीसी/ओएवीएम द्वारा 9वें ईजीएम में उपस्थित होंगे, पर उन्होंने रिमोट-ई-वोटिंग सुविधा द्वारा अपना वोट नहीं दिया होगा।

(आई) संवीक्षक, 9वें ईजीएम में वोटिंग के निर्णय के बाद, पहले मीटिंग में की गई वोटों की गिनती करेगा तथा उसके बाद कम्पनी के गैर कर्मियों में न्यूनतम दो गवाहियों की उपस्थिति में रिमोट ई-वोटिंग द्वारा डाली गई वोटों को अनब्लॉक करेगा तथा 9वें ईजीएम की समाप्ति के 48 घंटे से पहले लिखित में अध्यक्ष को या उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को डाली गई कुल वोटों, पक्ष में या विपक्ष में, की रिपोर्ट देगा, जो इस रिपोर्ट को सह-हस्ताक्षरित करेगा तथा वोटिंग के परिणाम को घोषित करेगा।

(जे) संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणाम को कम्पनी की वेबसाईट www.petronetlng.com पर तथा ई वोटिंग एजेंसी की सीडीएसएल www.evotingindia.com पर तथा कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के सूचना बोर्ड पर अध्यक्ष द्वारा या लिखित में उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिणाम की घोषणा के तुरन्त बाद डाला जाएगा।

(के) 9वें ईजीएम की सूचना को भी कम्पनी की वेबसाईट www.petronetlng.com तथा सीडीएसएल www.evotingindia.com. पर डाला जाएगा। इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग का तरीका एवं प्रक्रिया का विवरण 9वीं असाधारण जनरल मीटिंग की सूचना के नोट्स में भी होगा। यह कम्पनी की वेबसाईट www.petronetlng.com तथा सीडीएसएल की वेबसाईट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगा।

(एल) यदि अपेक्षित मेजोरिटी द्वारा कोई प्रस्ताव पारित होता है तो उसे 9वीं असाधारण जनरल मीटिंग की तिथि अर्थात सोमवार, 15 मार्च, 2021 को पारित माना जाएगा।

ईमेल से रजिस्टर/अपडेट करने का तरीका :-